


गांगुली का बेस्ट पाकिस्तान के खिलाफ

पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज के कॉमेंट में गांगुली का निजी प्रदर्शन भी दिखता है। गांगुली ने अपनी 16 टेस्ट सेंचुरी में सिर्फ एक अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डंस पर बनाई है और वह भी पाकिस्तान के खिलाफ 2007 में। इसके बाद अगले ही टेस्ट में बेंगलुरु में अपने टेस्ट करियर का सर्वाधिक स्कोर 239 भी उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में बनाए थे।

## अख्तर ने की गांगुली की तारीफ, बोले मुश्किल खिलाड़ी, महान कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच अब कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं होती। निकट भविष्य में इसके होने की संभावना भी नजर नहीं आ रही। लेकिन दोनों की आपसी प्रतिस्पर्धा काफी चुनौतीपूर्ण रहती है। हालांकि कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिनकी मैदान के बाहर बहुत अच्छी पटती है। कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती सीजन में जगह भी मिली थी। उस सीजन में पाकिस्तानी पेसर शोएब अख्तर ने सौरभ गांगुली की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेला था। अख्तर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सौरभ गांगुली के साथ एक तस्वीर साझा की है। इसमें अख्तर पाकिस्तानी व गांगुली भारतीय टीम की जर्सी में हैं। अख्तर ने इस फोटो के साथ कैप्शन दिया है– मेरे सबसे मुश्किल प्रतिस्पर्धियों में से एक। न सिर्फ एक चुनौतीपूर्ण मुकाबिल बल्कि एक महान कप्तान भी। मैंने केकेआर में इनकी कप्तानी में खेला है। गांगुली की कप्तानी में ही भारत ने पाकिस्तान में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती थी। साल 2003–04 में भारत ने पाकिस्तान को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2–1 से हराया था। भारत ने वनडे सीरीज में भी 3–2 से जीत हासिल की थी।

# सुपर ओवर फेंकने के लिए दुनिया में सबसे बेस्ट बोलर हैं बुमराह

क्रिकेट

## आकाश चोपड़ा ने लिस्ट के लिए अपने 5 गेंदबाजों के नाम गिनाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय टेस्ट ओपनर आकाश चोपड़ा ने सुपरओवर फेंकने के लिए दुनिया भर के फास्ट बोलरों की तुलना कर टीम इंडिया के पेसर जसप्रीत बुमराह को सबसे बेस्ट करार दिया है। चोपड़ा ने टॉप पर दो गेंदबाजों की तुलना करते हुए बुमराह को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क से ऊपर आंका।

इस पूर्व टेस्ट ओपनिंग बल्लेबाज ने कहा, बुमराह की सटीक लाइन लेंथ और उनका अनूठा बोलिंग ऐक्शन उन्हें इस रेस में और भी खास बनाता है। चोपड़ा अपने यूट्यूब चैनल आकाशवाणी पर सुपरओवर में सबसे प्रभावी गेंदबाज की बात कर रहे थे। उन्होंने बुमराह को किसी भी परिस्थिति में सुपर ओवर फेंकने के लिए सही विकल्प बताया। इस पर चर्चा करते हुए क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने चोपड़ा ने सबसे पहले




इस लिस्ट के लिए अपने 5 गेंदबाजों के नाम गिनाएं। इस फेहरिस्त में उन्होंने सुनील नरेन, राशिद खान, जसप्रीत बुमराह, मिशेल स्टार्क और लसिथ मलिंगा का नाम सबसे ऊपर रखा। चोपड़ा ने सुनील नरेन की चर्चा करते हुए सीपीएल के उस यादगार सुपरओवर को भी याद किया, जब उन्होंने यहां एक मैच में मेडन ओवर फेंककर एक विकेट भी लिया था। लेकिन चोपड़ा ने कहा कि अब नरेन इतना कारगर साबित नहीं होंगे क्योंकि उनके बोलिंग ऐक्शन में बदलाव हुआ है। हालांकि अगर किसी स्पिनिंग ट्रैक पर दो लेफ्टहैंडर बल्लेबाज हुए तो फिर चोपड़ा नरेन की ओर देख सकते हैं। अन्यथा किसी स्पिन ट्रैक पर स्पिनर से सुपरओवर कराने की बात होगी तो वह राशिद को नरेन से ऊपर रखेंगे। मिशेल स्टार्क पर बात करते हुए 42 वर्षीय चोपड़ा ने कहा, इस तेज गेंदबाज की सटीक यॉर्कर कारगर साबित होती हैं और वह अलग–अलग ऐंगल के गेंद की लाइन लेंथ में भी बदलाव करते हैं, जिससे बल्लेबाजों को मुश्किल होती है।

इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, बुमराह और स्टार्क में से किसी एक को नंबर 1 पर चुनना वाकई मुश्किल है। सुपरओवर पर बुमराह की बात करते हुए उन्होंने गुजरात लॉयन्स के खिलाफ उस सुपरओवर को याद किया, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए फेंका था। चोपड़ा ने कहा, मुझे याद है कि बुमराह ने गुजरात लॉयन्स के खिलाफ तब सुपरओवर फेंका था, जब उनके सामने ब्रैंडन मैक्कुलम और शायद ड्वेन स्मिथ थे। और ये दोनों बल्लेबाज उनकी बॉल को बैट से मारना तो दूर छू भी नहीं पा रहे थे। उन्होंने तब एक नोबॉल भी फेंका था, तब भी उन्हें रन नहीं पड़े थे। उन्होंने कहा कि इस काम (सुपरओवर) के लिए मैं स्टार्क से ऊपर बुमराह को ही चुनूंगा।

# यूएई पहुंचने से पहले चेन्नै में कैम्प करना चाहती है सुपरकिंग्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बीच सुरक्षित माहौल में आईपीएल का खाका तैयार हो चुका है। लीग की आठों टीमों ने संयुक्त अरब अमीरात जाने की योजना बना ली है। इसके मुताबिक 20 अगस्त से टीमें वहां चार्टर्ड प्लेन से पहुंचना शुरू हो जाएंगी। खबर है कि एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नै सुपरकिंग्स वहां जाने से पहले चेन्नै में ही छोटा कैंप करना चाहती है।

चेन्नै सुपरकिंग्स की योजना है कि वह यूएई पहुंचने से पहले अपनी टीम के भारतीय खिलाड़ियों के साथ कुछ दिनों का कैंप आयोजित करे, जिसमें खिलाड़ी अपनी जरूरी ट्रेनिंग का अभ्यास कर सकें। उम्मीद है कि यह कैम्प 16 अगस्त से शुरू होगा। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकइन्फो की एक खबर के मुताबिक, फ्रैंचाइजी की योजना है कि वह 15 खिलाड़ियों को इस कैंप में मौका दे। इसके लिए तमिलनाडु सरकार से मंजूरी के लिए आवेदन कर दिया है। 15 खिलाड़ियों के इस दल में कैप्टन एमएस धोनी भी मौजूद होंगे, जिन्होंने हाल ही में अपने शहर रांची में इंडोर अकैडमी में ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

**20 अगस्त से रवाना होने लगेंगी टीमें**

सीएसके टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन ने क्रिकइन्फो को बताया, हम वहां रवाना होने से पहले चेन्नै में 16–20 अगस्त तक छोटा सा कैम्प आयोजित करना चाहते हैं। हमने तमिलनाडु सरकार से इसकी मंजूरी के लिए आवेदन किया है। मौखिक रूप से हमें मंजूरी मिल गई है लेकिन अभी लिखित में हमें यह मंजूरी नहीं मिली है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक सबसे पहले राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (20 अगस्त) यूएई को पहुंचेंगी। इसके बाद 21 अगस्त को चेन्नै सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस, 22 या 23 अगस्त को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर, 21 या 22 को ही किंग्स इलेवन पंजाब की टीमें वहां पहुंचेंगी। दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने अभी अपनी योजनाएं फाइनल नहीं की हैं लेकिन उनका भी 21 या 22 को ही वहां पहुंचने की योजना है।

## अब बाबा रामदेव आईपीएल को स्पॉन्सर करने की कर रहे तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए बीसीसीआई की ओर से प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए उसने ईओआई भी जारी कर दी है। आईसीसी के इस साल के टाइटल स्पॉन्सर की दौड़ में योगगुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि भी इस दौड़ में शामिल हो गई है। कंपनी के प्रवक्ता ने एसके तिजारावाला ने इस बात पर मुहर भी लगा दी। हालांकि इस बार रामदेव की कंपनी का आईपीएल में काफी दिलचस्पी दिखी है। लेकिन वह हमेशा से इस क्रिकेट लीग के पक्ष में रहे हों ऐसा नहीं है। बाबा रामदेव आईपीएल को भारतीय संस्कृति के खिलाफ बता चुके हैं। रामदेव ने कहा था कि चीयरलीडर्स के चलते यह खेल अश्लील हो गया है। उन्होंने कहा था कि देश में जुआ और सट्टा बाजार बढ़ रहा है। अब बाबा रामदेव और उनकी कंपनी का आईपीएल में दिलचस्पी दिखाना यानी पूर्व के बयानों पर यूटर्न है। हाल ही में आईपीएल की मुख्य प्रायोजक कंपनी वीवो ने इस लीग से इस साल के लिए अपना नाता तोड़ लिया है। ऐसे में बीसीसीआई आईपीएल के 13वें अडिशन के लिए कोई नया स्पॉन्सर तलाश रहा है।

## न्यूज डायरी




### कोविड–19 पॉजिटिव हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी मनदीप सिंह की स्थिति सामान्य से बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने इस बात की जानकारी दी। साई ने मंगलवार सुबह एक बयान जारी कर बताया, 10 अगस्त (सोमवार) को रात में जांच करने के बाद पाया गया कि मनदीप सिंह का ब्लड ऑक्सीजन स्तर सामान्य से कम हुआ है, जिसका मतलब है कि उनकी स्थिति माइल्ड से बिगड़ गई है। बयान के मुताबिक, कैम्पस में मौजूदा साई अधिकारियों ने सावधानी पूर्वक तुरंत उन्हें एसएस स्पर्श अस्पताल में भर्ती करने का फैसला लिया गया है। अभी उनकी स्थिति स्थिर है। मनदीप के अलावा मनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, जसकरण सिंह, वरुण कुमार और कृष्ण पाठक भी राष्ट्रीय शिविर के लिए चार अगस्त को बेंगलुरु स्थित केंद्र में पहुंचने पर हुई जांच में कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए थे।

### कम मौके मिलने पर निराश मनोज तिवारी बोले, मिडिल ऑर्डर में काफी जगह थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी को लगता है कि मिडल–ऑर्डर में जगह होने के बाद भी उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा। तिवारी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच–जिताऊ सेंचुरी लगाने के बाद भी मुझे लगातार 14 मैच प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। तिवारी से जब पूछा गया कि क्या 2010–2013 के बीच जब मिडल–ऑर्डर में रोहित शर्मा का प्रदर्शन अच्छा नहीं था तो उनकी जगह पर वह टीम का हिस्सा हो सकते थे तो तिवारी ने कहा, मिडल–ऑर्डर में काफी जगह थी जिसमें मैं इन खिलाड़ियों के साथ फिट हो सकता था। स्पोर्ट्सकीड़ा से बात करते हुए तिवारी ने कहा, जब हम ऑस्ट्रेलिया गए, तो मिडल ऑर्डर में ज्यादातर बल्लेबाज रन नहीं बना रहे थे। भारतीय टीम जब 2011–2012 की कॉमनवेल्थ बैंक सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया गई तो सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीयों में विराट कोहली और गौतम गंभीर शामिल थे और ये दोनों टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज थे।

### मास्क को लेकर रविंद्र जडेजा और महिला पुलिसकर्मी में हुई बहस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजकोट। भारतीय टीम के ऑलराउंडर क्रिकेटर रविंद्र जडेजा एक नए विवाद में फंस गए हैं। खबर है कि जडेजा और उनकी पत्नी ने राजकोट में एक लेडी कॉस्टेबल के साथ बहसबाजी की, जिन्होंने कथित रूप से उन्हें मास्क न पहनने के लिए रोका था। हेड कॉन्सटेबल सोनल गोसाई जो महिला पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं उन्होंने जडेजा और उनकी पत्नी को रीवाबा को रात 9 बजे के करीब किसनपाड़ा चौक के पास रोका। खबर है कि जब जडेजा से उनका लाइसेंस मांगा गया और उन्हें मास्क न पहनने के लिए फाइन भरने को कहा गया तो दोनों के बीच तकरार शुरू हो गई। सूत्रों का कहना है कि जडेजा ने पुलिस से कहा है कि पुलिसकर्मी ने उनके साथ बुरा व्यवहार किया। सूत्रों के अनुसार गोसाई को बाद में स्ट्रेस के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### ऋषभ पंत और संजू सैमसन के लिए अहम होगा आईपीएल 2020

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन में कई लोगों की निगाहें महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों पर होंगी लेकिन संजय मांजरेकर को लगता है कि यह सीजन दो युवा विकेटकीपर बल्लेबाजों ऋषभ पंत और संजू सैमसन के लिए भी काफी अहम होगा। मांजरेकर को लगता है कि भारतीय सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के मकसद से आईपीएल का यह सीजन इन युवाओं के लिए रास्ता तय करने में अहम होगा। पूर्व बल्लेबाज ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, एक क्रिकेट टिप्पणीकार होने के नाते मैं खिलाड़ियों को देखता हूं और उनका आकलन करना हूं, कई बार अनुमान सही होते हैं और कई बार गलत। लेकिन ये दोनों खिलाड़ी मेरे लिए थोड़े रहस्यमय हैं।